महत्वपूर्ण एवं खास

राज्यपाल अनुसुईया उइके ओपीजिंदल यूनिवर्सिटी के द्वितीय दीक्षांत समारोह में होंगी शामिल

रायगढ़। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके 10 अक्टूबर को एक दिवसीय रायगढ़ प्रवास पर आयेंगी। यहां वे ओ.पी.जिंदल यूनिवर्सिटी के द्वितीय दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। निर्धारित दौरा कार्यक्रम के तहत राज्यपाल सुश्री उइके 10 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11.30 बजे पुलिस परेड ग्राउण्ड हेलीपेड रायपुर से हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर दोपहर 12.20 बजे जिंदल एयर स्ट्रीप रायगढ़ पहुंचेंगी और जिंदल गेस्ट हाउस प्रस्थान करेंगी। राज्यपाल सुश्री उइके दोपहर 2.25 बजे ओपी जिंदल स्कूल रायगढ़ आयेंगी एवं दोपहर 2.30 बजे से ओ.पी.जिंदल यूनिवर्सिटी रायगढ़ के द्वितीय दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। तत्पश्चात अपरान्ह 3.55 बजे जिंदल एयर स्ट्रीप रायगढ़ से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगी।

सूने मकान से नकदी और जेवरात की चोरी, पतासाजी में जुटी कोतरारोड पुलिस

रायगढ़। थाना कोतरारोड़ अन्तर्गत ग्राम सरवानी में रहने वाली यशोदा पटेल पिता स्व. सुरत लाल पटेल उम्र 28 साल आज दिनांक 09.10.2022 को थाना कोतरारोड़ में बीते रात घर के मेन गेट का ताला तोड़कर घर अंदर आलमारी से अज्ञात चोर नकदी रकम 23,000 रूपये एवं सोने-चांदी के जेवरात कीमत करीब 55,000 रूपये का चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। रिपोर्टकर्ता बताई कि कल दिनांक 08.10.2022 को दोपहर करीबन 12:00 बजे घर में ताला लगाकर घर के सभी लोग शिवम बिहार कालोनी कोतरारोड़ रायगढ दीदी के घर आये हुये थे। दूसरे दिन सुबह घर गये तो चोरी का जानकारी हुआ। कोतरारोड़ पुलिस अज्ञात आरोपी पर नकबजनी का अपराध दर्ज कर माल मुल्जिम की पतासाजी की जा रही है।

झुंड से बिछडक़र दंतैल हाथी गांव के करीब पहुंचा, लोग दहशत में

कोरबा (आरएनएस)। वन मंडल कटघोरा में 45 हाथियों का झुंड घूम रहा है। केंदई रेंज के कोरबी सर्किल में दंतैल हाथी झूंड से अलग होकर घुचापुर पंचायत के आसपास पहुंच गया था। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को अलर्ट कर दिया है। हाथियों का एक झुंड दलदली नाला के आसपास घूम रहा था। हाथी दिन में साल्ही पहाड़ में रहते हैं। शाम होते ही भोजन की तलाश में खेतों में पहुंचकर धान की फसल को चौपट कर रहे हैं। कोरबा वन मंडल में पहुंचा हाथी अब वापस कलमीटिकरा पहुंच गया। इसके आगे मांड नदी है। हाथी नदी पार कर धरमजयगढ़ वन मंडल की ओर बढ़ जाते हैं। धान की फसल तैयार होने की वजह से ग्रामीण भी हाथियों को खदेडऩे में जुटे हुए हैं। इसकी वजह से अब कोरबा वन मंडल में भी हाथियों का उत्पात शुरू हो गया है। इससे लोग दहशत में हैं।

युवक पर धारदार हथियार से हमला

रायपुर (आरएनएस)। शिवाजी नगर दलदल सिवनी में पुरानी रंजिश के चलते चार युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर धारदार हथियार से जांघ पर मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार शिवाजी नगर दलदल सिवनी मोवा निवासी प्रार्थी मुकेश धीवर 18 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपने कार से जा रहा था, तभी आरोपी सूरज चौरे, युवराज सिंह, अरविंद एवं अन्य ने प्रार्थी को रोक कर पुरानी रंजिश के चलते गाली-गलौज कर मारपीट किया और धारदार हथियार से जांघ पर वार कर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 341, 294, 506, 323, 427, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

छत्तीसगढ़ में दिसंबर 2022 तक सड़कें गड्ढा मुक्त हों - मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री ने खराब सडक़ों की शिकायतों पर जतायी नाराजगी
- मुख्यमंत्री ने कहा, खराब सडक़ों की मरम्मत का कलेक्टर स्वयं मॉनिटरिंग करें
- सड़क मरम्मत के लिए बजट की कोई कमी नहीं

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में आगामी दिसंबर माह तक सडक़ों को गड्ढा मुक्त करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य में अनेक जगहों पर खराब सडक़ों की शिकायतों पर सख्त रवैया अपनाते हुए जिम्मेदार अधिकारियों पर नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि, सडक़ों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। मुझे खस्ताहाल सडक़ों को लेकर कोई शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। इसके लिए जिला कलेक्टरों को नोडल अधिकारी के रूप में काम करने को कहा है।

कलेक्टर कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन आज मुख्यमंत्री बघेल ने लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने राज्य के अनेक स्थानों पर खराब सडक़ों की शिकायतों पर तल्ख रूख दिखाया। उन्होंने खराब सडक़ों को शीघ्र बनाने के सख्त निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने 6181 किलोमीटर की सडक़ों में तत्काल पैचवर्क करके ठीक करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कड़े शब्दों में कहा कि, दिसंबर 2022 तक राज्य की सडक़ों को गड्ढा मुक्त करें। सडक़ मरम्मत के लिए बजट की कोई कमी नहीं आएगी। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि, खराब सडक़ों की मरम्मत का कलेक्टर स्वयं मॉनिटरिंग करें।

मुख्यमंत्री ने सख्त लहजे में हिदायत देते हुए कहा कि, दौरे पर जाऊंगा तो खराब सडक़ों की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। सडक़ हर हाल में बनना चाहिए। सडक़ किसी भी विभाग की हो, मुझे कोई बहाना नहीं चाहिए। मुख्यमंत्री ने इस विषय पर दुबारा चर्चा नहीं करने की बात की। मुख्यमंत्री ने कहा कि, सडक़ निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। सडक़ निर्माण की सभी संस्थाओं को आपस में कोआर्डिनेट करने के निर्देश दिए। इस कार्य में कलेक्टर्स नोडल अधिकारी के रूप में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि, किसी विभाग को सडक़ निर्माण में दिक्कत है तो वो एनओसी दे, जिसके बाद लोक निर्माण विभाग काम करेगा। मुख्यमंत्री ने तल्ख लहजे में कहा कि, सडक़ों का निर्माण प्राथमिकता है, कौन सा विभाग निर्माण करता है ये मायने नहीं रखता।

सड़क निर्माण कार्य में लापरवाही, तीन ठेकेदारों सहित ईई पीडब्ल्यूडी को कारण बताओ नोटिस

कलेक्टर रानू साहू ने जारी किया नोटिस

रायगढ़। कलेक्टर रानू साहू ने रायगढ़-धरमजयगढ़ मार्ग के चौड़ीकरण एवं नवीनीकरण कार्य तथा पूंजीपथरा-गेरवानी के मध्य जर्जर सड़क के मरम्मत कार्य में लापरवाही बरतने के कारण तीन ठेकेदारों सहित लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस के अनुसार कुरूभांठा-रक्सापाली-कछार-उसरौठ-तारापुर-पुटकापुरी-सुपा से राष्ट्रीय राजमार्ग-216 मार्ग निर्माण कार्य समय-सीमा पूर्ण होने के एक वर्ष पश्चात भी नहीं पूर्ण करने पर मेसर्स बारबरिक प्रोजेक्ट लिमिटेड सूरजपुर एवं धरमजयगढ़-कापू मार्ग समय-सीमा पूर्ण होने पश्चात भी नहीं पूर्ण करने पर मेसर्स सुनील कुमार अग्रवाल, रायगढ़ तथा रायगढ़-धरमजयगढ़ मार्ग के चौड़ीकरण एवं नवीनीकरण कार्य एवं पूंजीपथरा-गेरवारी के मध्य जर्जर सड़क के मरम्मत कार्य में लापरवाही बरतने पर मेसर्स बी.बी.वर्मा कंस्ट्रक्शन कोरबा को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। ईई पीडब्ल्यूडी को सड़क निर्माण कार्यों की स्वीकृति व कार्यादेश जारी होने के बाद भी कार्य में प्रगति नही आने व अपेक्षित मरम्मत कार्य नहीं कराए जाने को लेकर नोटिस जारी किया गया है।

बाइक चोरी का आरोपी आया खरसिया पुलिस के हाथ

- खरसिया से चुराई हुई बाइक को रायगढ़ में छिपा रखा था आरोपी

रायगढ़। चौकी खरसिया पुलिस द्वारा पुरानी बस्ती खरसिया से चोरी हुई बाइक को ट्रांसपोर्ट नगर पतरापाली रायगढ़ में आरोपी भूपेंद्र शर्मा के पास से मुखबिर सूचना पर बरामद किया गया है। पुलिस की कड़ी पूछताछ में आरोपी द्वारा पिछले माह 16 सितम्बर को पुरानी बस्ती में एक घर के बाहर से चोरी करना बताया है।

बाइक चोरी के संबंध में पुरानी बस्ती खरसिया में रहने वाले बृजराज सिंह राठौर द्वारा कल दिनांक 08.10.2022 को पुलिस चौकी खरसिया में उसके घर के बाहर खड़ी प्लेटिना मोटर सायकल क्रमांक सीजी 13 K 1882 के दिनांक 16.09.2022 के रात्रि अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। अपराध पंजीबद्ध के बाद चौकी प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक अमिताभ खांडेकर द्वारा मुखबिरों से जानकारी लिया गया जिस पर मुखबिर द्वारा संदेही भूपेंद्र शर्मा को एक चोरी की बाइक में घूमने की जानकारी दिया गया। सूचना पर चौकी खरसिया पुलिस की टीम द्वारा दबिश देकर संदेही भूपेन्द्र शर्मा को हिरासत में लिया गया जिसने बाइक चोरी कर किराये मकान में छिपाकर रखना स्वीकार किया। आरोपी भूपेंद्र शर्मा पिता श्यामवीर शर्मा उम्र 44 साल ग्राम अख्तियारपुर जिला बुलंदशहर उत्तर प्रदेश हाल मुकाम ट्रांसपोर्ट नगर पतरापाली रामनाथ के मकान में किराए का थाना कोतरारोड जिला रायगढ़ के मेमोरेंडम के पर चोरी गई प्लेटिना मोटर सायकल क्रमांक सीजी 13 K 1882 कीमती 40,000 रूपये को बरामद किया गया है। आरोपी के विरुद्ध बाइक चोरी कर छिपाकर रखने का अपराध सबूत पाए आज गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

चोरी की 14 किलो तांबा तार के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार, घरघोड़ा पुलिस ने भेजा रिमांड पर

रायगढ़। दिनांक 09.10.2022 को घरघोड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह बैस के नेतृत्व में घरघोड़ा पुलिस द्वारा घरघोड़ा-धरमजयगढ़ के मध्य रेल विद्युतीकरण में लगे तांबा तार की चोरी करने वाले 03 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के मुताबिक घरघोड़ा-धरमजयगढ़ के मध्य रेल विद्युतीकरण का कार्य करने वाली कंपनी इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड बिलासपुर के सुपरवाइजर हेमंत कुमार राउत पिता अनिरूद्ध राउत उम्र 57 वर्ष सा. ग्राम जनहा थाना पानीकोहली जिला जाजपुर (उडिसा) हा.मु. दुर्गा मंदिर पास घरघोड़ा द्वारा दिनांक 23.09.2022 को ग्राम चारभांठा एवं टेरम के मध्य रेल्वे लाईन के ऊपर लगे विद्युत तांबा तार कीमती 48,000 रूपये को दिनांक 04.09.2022 से दिनांक 15.09.2022 के मध्य अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया, रिपोर्ट पर थाना घरघोड़ा में अपराध क्र. 410/2022 धारा 379 भा.द.वि. कायम कर विवेचना माल मुल्जिम पतासाजी में लिया गया। माल मुल्जिम पतासाजी दौरान आज दिनांक 09.10.2022 को थाना प्रभारी घरघोड़ा द्वारा तांबा तार चोरी कर घर बाड़ी में छिपा रखने की मुखबिर की सूचना पर ग्राम बनई के तीन संदेही (1) श्रवण कुमार धनुहार पिता टीकेबाबू धनुहार उम्र 22 वर्ष (2) अजय धनुहार उर्फ पेटू पिता भीम धनुहार उम्र 20 वर्ष (3) रामप्रसाद धनुहार उर्फ जेठु पिता भागीरथी धनुहार उम्र 28 वर्ष को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ किया गया जो कुछ दिनों पहले तांबा तार चोरी की अपराध घटित करना स्वीकार किये। आरोपियों के पृथक-पृथक मेमोरंडम 14 किलोग्राम तांबा तार कीमती 5,600 रूपये एवं घटना में प्रयुक्त एक लोहे का टंगिया जप्त कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

पुलिस सायरन सुनकर जुआरियों ने तालाब में लगाई छलांग

- तालाब के कमल पौधे में फंसने से एक जुआरी की मौत : खरसिया पुलिस ने रात भर चलाई रेस्क्यू ऑपरेशन
- जुए की लत के कारण गंवाया अपनी जान, खरसिया पुलिस ने की मृतक के परिवार की आर्थिक मदद

रायगढ़। दिनांक 08.10.2022 के रात्रि थाना प्रभारी खरसिया उपनिरीक्षक नंदकिशोर गौतम को मुखबिर से ग्राम हालाहुली में रोड के किनारे जुआ की सूचना मिला जुआ रेड कार्यवाही के लिए तत्काल थाना प्रभारी खरसिया शासकीय वाहन तथा मोटरसाइकिल में स्टॉफ के साथ ग्राम हालाहुली के लिए डूमरभाठा से पगडंडी होकर हालाहुली जाने वाले रास्ते से जा रहे थे, रास्ते में ही कुछ जुआडियान जुआ खेल रहे थे जो पुलिस सायरन और जवानों के मोटरसाइकिल की लाइट देखकर वहां से भागे तथा रास्ते के दूसरे ओर पानी से लबालब भरे तालाब में तीन-चार व्यक्ति छलांग लगा दिए, पुलिस टीम देखी 3-4 लोग तालाब अंदर तैरते हुए जा रहे थे, कुछ समय बाद उनमें से एक व्यक्ति "बचाओ-बचाओ" की आवाज देने लगा। थाना प्रभारी खरसिया नंद किशोर गौतम अपने दो आरक्षक हेमलाल सिदार और योगेंद्र सिदार को स्वयं की सुरक्षा का ध्यान रखकर तलाब में कूदकर व्यक्ति को बचाने निर्देश दिए। दोनों जवान बगैर किसी सुरक्षा सामग्री के अपनी जान की परवाह किए तलाब में "बचाओ बचाओ" की आवाज दे रहे व्यक्ति को बचाने तलाब अंदर कूदकर व्यक्ति की खोजबीन में लग गए तलाब में बहुत ज्यादा परसा पत्ते होने और रात के समय जवान खोजबीन करते स्वयं काफी थक गए और तालाब से बाहर आए। थाना प्रभारी गांव के जनप्रतिनिधियों को जानकारी देकर ट्यूब मंगाकर गांव के 4-5 अच्छे तैराक को तलाब के पास बुलवाएं। टॉर्च और ट्यूब की मदद से गांव के लोग भी पुलिस टीम के साथ तलाब अंदर गए, गुम व्यक्ति की रात्रि में काफी खोजबीन किए किंतु व्यक्ति का पता नहीं चला। पुलिस टीम वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देकर जुआ फड के पास मिले चप्पल, मोटरसाइकिल सीजी 13 एबी 8502 और सीजी 04 एच डब्ल्यू 5543 को गांववालों को दिखाकर पता करने की कोशिश किए कि जुआ खेल रहे,कौन कौन व्यक्ति तालाब से बाहर आ चुके हैं और कौन डूबा है ? पता चला की जुआ खेल रहा ग्राम हालाहुली का जगदीश राठौर तालाब अंदर ही रह गया। पुन: सुबह भोर में खरसिया थाने के आरक्षक संत कुमार केंवट, गुम व्यक्ति जगदीश राठौर के भाई विश्वनाथ राठौर, विशाल राठौर गांव का विनय राठौर, खेमलाल साहू एवं अन्य तैराक गुम व्यक्ति जगदीश राठौर की तालाब में काफी खोजबीन किए। तालाब के 8 फीट गहरे डूबान क्षेत्र से जगदीश राठौर के शव को पानी से बाहर निकाला गया। सिविल अस्पताल खरसिया में मृतक का पीएम बाद परिजनों को शव कफन दफन के लिए सुपुर्द किया गया है। मृतक जगदीश राठौर पिता गोपाला राठौर उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम हालाहुली थाना खरसिया के संबंध में गांव वाले बताएं कि जगदीश वाहन चलाने का काम करता था , जगदीश को जुए की लत थी जगदीश के तीन संतान है उसकी आर्थिक स्थिति इतनी अच्छी नहीं है। खरसिया पुलिस द्वारा मृतक जगदीश राठौर के परिवार की आर्थिक सहायता की गई। एसपी अभिषेक मीना के निर्देशन पर एसडीओपी खरसिया निमिषा पांडे द्वारा क्षेत्र के प्रत्येक गांव में मुनादी कराई जा रही है कि वर्तमान में तालाब, नदी, नहर भरे हुए हैं, नहाते , निस्तारी समय विशेष ध्यान देवें , किसी प्रकार की घटना, दुर्घटना होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दी जावे।

मौसम अलर्ट,आने वाले दो तीन दिनों में होगी भारी वर्षा

रायपुर (आरएनएस)। अक्टूबर में मॉनसून की विदाई के बाद भी कई राज्यों में बारिश जारी है। दिल्ली, महाराष्ट्र, यूपी समेत कई राज्यों में शनिवार को बारिश हुई। दिल्ली करीब 12 घंटे तक बारिश होने से कई इलाकों में जाम लग गया। दिल्ली पुलिस ने यात्रियों को इसे ध्यान में रखकर लोगों को यात्रा की योजना बनाने की सलाह दी है। वहीं मौसम विभाग के मुताबिक दिल्ली समेत 17 राज्यों में अगले तीन दिन तक भारी बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार के मुताबिक, आने वाले 2-3 दिनों में भारी बारिश का अनुमान है। हरियाणा में 8 अक्टूबर और 9 अक्टूबर को जबकि यूपी, उत्तराखंड और पूर्वी राजस्थान में 11 अक्टूबर तक हल्की से मध्यम बारिश जारी रहेगी।

मौसम विभाग की मानें तो आज उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इसके अलावा मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में भी काफी बारिश हो सकती है। इस दौरान स्थानीय लोगों को अलर्ट पर रहने की सलाह दी गई है। तटीय आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ में एक या दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश संभव है।

मुख्यमंत्री ने किया मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान : सभी छात्र-छात्राओं के खाते में डेढ़-डेढ़ लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि हस्तांतरित

- मुख्यमंत्री का मेधावी छात्र-छात्राओं का हेलीकॉप्टर से जॉय राइडिंग कराने का फैसला देश के लिए अनुकरणीय पहल: स्कूल शिक्षा मंत्री

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज स्वामी आत्मानंद मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की वर्ष 2022 की वार्षिक परीक्षा में कक्षा 10वीं और 12वीं प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री निवास परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा कक्षा 12वीं की टॉपर रायगढ़ जिले की कुन्ती साव को स्वर्ण पदक और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली बिलासपुर जिले की खुशबू वाधवानी को रजत पदक से सम्मानित किया। इसी प्रकार कक्षा 10वीं की प्रावीण्य सूची में संयुक्त रूप से टॉपर रायगढ़ की सुमन पटेल और कांकेर की सुनाली बाला को स्वर्ण पदक तथा द्वितीय स्थान प्राप्त कबीरधाम जिले पंकज कुमार साहू को रजत पदक प्रदान किया। समारोह में सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को डेढ़-डेढ़ लाख रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने समारोह में प्रोत्साहन राशि को मेधावी छात्र-छात्राओं के बैंक खाते आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर किया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मेधावी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान नन्हें बच्चों कि जिद पर हेलीकॉप्टर जॉय राइडिंग कराया गया। बघेल ने बच्चों से सीधे संवाद करते हुए पूछा कि हेलीकॉप्टर में बैठने से किसी को डर तो नहीं लगा, सभी बच्चों ने सामूहिक रूप से कहा कि बिल्कुल भी डर नहीं लगा। मुख्यमंत्री ने सभी बच्चों की प्रशंसा करते हुए बताया कि अधिकारियों ने सभी बच्चों को एक साथ हवाई जहाज में सफर कराने की सलाह दी थी, लेकिन मैंने बच्चों की जिद को ध्यान में रखते हुए हेलीकॉप्टर में ही जॉय राइडिंग कराने का फैसला लिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में कई बच्चों को हवाई जहाज पर चढऩे का अवसर मिलेगा, लेकिन सरकार के हेलीकॉप्टर में कुछ गिन-चुने लोगों को ही सफर करने का अवसर मिलता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इन बातों को ध्यान में रखते हुए कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को हेलीकॉप्टर से ही जायराइडिंग कराने का फैसला लिया है। मुख्यमंत्री ने बच्चों से पूछा, हेलीकॉप्टर से रायपुर शहर कैसा दिखा ? इस पर बच्चों ने एक स्वर में कहा, 'बहुत सुंदर'। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में आर्थिक रूप से पिछड़े व कमजोर वर्ग को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए विशेष पिछड़ी जनजातियों-अबूझमाडिय़ा, बैंगा, बिरहोर, कमार और पहाड़ी कोरवा के हाईस्कूल और हायर सेकण्डरी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जा रहा है। इन सभी विद्यार्थियों को भी डेढ़-डेढ़ लाख रूपये प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री द्वारा समारोह में हायर सेकेण्डरी परीक्षा में टॉपर रायगढ़ जिले की कुन्ती साव को स्वर्गीय अंकित सिंह परिहार स्मृति पुरस्कार 11 हजार रूपये की राशि का चेक भी प्रदान किया गया।

स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने कहा कि मुख्यमंत्री की पहल पर पूरे देश में पहली बार मेधावी छात्र-छात्राओं को हेलीकॉप्टर जॉय रायडिंग का अवसर मिला है। मुख्यमंत्री की यह पहल पूरे देश के लिए अनुकरणीय है। डॉ. टेकाम ने कहा कि शिक्षा के जरिए हम भावी जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार होते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मंडल के सराहनीय कार्य से राज्य के अन्य विद्यार्थियों को प्रेरणा मिलेगी और अधिक-से-अधिक विद्यार्थी उच्च शिक्षा के लिए अग्रसर होंगे। डॉ. टेकाम ने बताया कि स्वामी आत्मानंद मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना के तहत छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की वर्ष 2022 की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले 125 छात्र-छात्राओं में से कक्षा 10वीं के 90 और कक्षा 12वीं के 35 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. आलोक शुक्ला ने स्वामी आत्मानंद मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना अंतर्गत प्रतिभा सम्मान समारोह के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

समारोह में संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव, विधायक संतराम नेताम, देवेन्द्र यादव, अनिता शर्मा सहित स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. एस. भारतीदासन, संचालक लोक शिक्षण सुनील जैन, प्रबंध संचालक समग्र शिक्षा नरेन्द्र दुग्गा, सचिव माध्यमिक शिक्षा मंडल प्रोफेसर व्ही.के. गोयल सहित मंडल के सदस्य और प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के माता-पिता भी उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480